NBT
नवभारत टाइम्स
By THE TIMES OF INDIA

# ब्रांड के रैपर में नकली नमक और चायपत्ती! गोरखपुर में सफेद जहर के सौदागरों पर ऐक्शन, कई क्विंटल माल जब्त




**प्रमोद पाल, गोरखपुर:** उत्तर प्रदेश की सीएम सिटी गोरखपुर में इन दिनों नकली खाद्य सामग्री बनाने और बेचने का गोरखधंधा जोरों पर है। ऐसे में शुक्रवार को खाद्य विभाग और पुलिस टीम द्वारा नकली टाटा नमक बनाए जाने की फैक्ट्री का पर्दाफाश करते हुए सैकड़ों टन माल बरामद कर जब्त कर लिया है। और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

इन दिनों मार्केट में नकली खाद्य सामग्री की भरमार है। फूड विभाग द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई के बीच पिछले दिनों साहबगंज में नकली तेल की फैक्ट्री तो कभी नकली साबुन बनाने का गोरख धंधा पकड़ा गया था। त्योहारी सीजन आते ही नकली मिठाई, मावा तैयार करने की बाढ़ आ जाती है। हालांकि फूड विभाग लगातार एक्शन लेता रहता है, बावजूद समाज और देश के दुश्मनों पर इसका कोई खास असर दिखाई नहीं पड़ता।

बीते दिनों साहबगंज में सरसों का तेल बनाने की फैक्ट्री के पकड़े जाने का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि शुक्रवार को टाटा कंपनी के लीगल एडवाइजर की शिकायत पर एसएसपी के निर्देशानुसार राजघाट थाना क्षेत्र के मिर्जापुर इलाके में टाटा नमक बनाए जाने की फैक्ट्री पकड़ी गई, जहां 3.43 क्विंटल नकली टाटा नमक बरामद किया गया है। पुलिस द्वारा इसे जब्त करने के साथ ही फैक्ट्री मलिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाई शुरू कर दी गई है।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/state/uttar-pradesh/gorakhpur/gorakhpur-news-duplicate-salt-and-tea-in-branded-tata-packet-police-action-on-adulteration-food-products/articleshow/123864654.cms